**कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड**
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून –248001
**Email ID- ceo_uttaranchal@eci.gov.in** फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
**election09@gmail.com** फैक्स न0 (0135) – 2713724

संख्या–3388 /XXV – 31/ 2023 देहरादून : दिनांक 20 जून, 2024

सेवा में, **ELECTION-URGENT**

जिलाधिकारी एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी
चमोली / हरिद्वार।

विषयः– **उत्तराखण्ड राज्य की बद्रीनाथ एवं मंगलौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के लिए उप निर्वाचन–2024, निर्वाचन प्रबंधन एवं संचालन हेतु तिथिवार आरोही क्रम में सांकेतिक कैलेण्डर (Indicative Calendar) का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–3310 दिनांक 13 जून, 2024 एवं पत्र संख्या–3373 दिनांक 18 जून, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके साथ 04–बद्रीनाथ एंव 33–मंगलौर विधान सभा से विधान सभा के लिए उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न क्रिया–क्लापों का समय पर संचालन एवं सम्पादन हेतु सांकेतिक कैलेण्डर (Indicative Calendar Part-I & Part-II) की प्रति प्रेषित की गयी थी।

2– निर्वाचन कार्यों की चरणवद्ध रूप से तिथिवार क्रिया कलापों के संचालन एवं सम्पादन हेतु उपरोक्त संदर्भित दोनों सांकेतिक कैलेण्डर (Indicative Calendar) की समस्त क्रिया कलापों को तिथिवार आरोही क्रम में (Date wise Ascending Order) पुनर्व्यवस्थित किया गया है ताकि एक तिथि को सम्पादित की जाने वाली सभी क्रियाकलाप एक साथ प्रदर्शित हो सके और तदनुसार निर्धारित तिथि की उस कार्यवाही को सम्पादित किया जा सके।

**अतः अनुरोध है कि तदनुसार चरणबद्ध रूप से समयबद्ध कार्यक्रमानुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु सभी संबंधितों को निर्देशित करने का कष्ट करें। समय–समय पर कैलेण्डर के आलोक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा भी की जाएगी।**

**संलग्नक–यथोपरि।** भवदीय

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड।

# विधान सभा उप निर्वाचन–2024
## निर्वाचन प्रबंधन एवं संचालन हेतु सांकेतिक कैलेण्डर (Indicative Calendar)
### तिथिवार आरोही क्रम में (Date wise Ascending Order)

| क्रं.सं. | कार्यवाही | कार्रवाई जिसके द्वारा सम्पादित की जाएगी | अनुमानित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1.1– | 04–बद्रीनाथ एवं 33–मंगलौर विधान सभा उप निर्वाचन हेतु आयोग के प्रेस नोट संख्या–ECI/PN/ 120 /2024 दिनांक 10 जुलाई, 2024 द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा तथा आचार संहिता प्रभावी होना। | DEO / RO | **10.06.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ** |
| 1.2– | निर्वाचन के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हतु जनपद चमोली / हरिद्वार में CrPC की धारा–144 लागू करना। | DM | **10.06.2024** |
| 1.3– | FST, SST, VST आदि टीमों का गठन एवं तैनाती सुनिश्चित करना। | DEO/RO | **10.06.2024** |
| 1.15– | Integrated निर्वाचन कन्ट्रोल रूम की स्थापना करना, शिफ्टवार अधिकारियों / कर्मचारियों की तैनाती (जिसमें पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग की सहभागिता अनिवार्य हो) करना। | DEO/SSP/SP/ RO/Excise | **10.06.2024 से निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक** (24X7) |
| 1.22– | उप निर्वाचनों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग का पत्र संख्या–437/6/ INST/ECI/ FUNCT/MCC/2024 (Bye-Election) दिनांक 02 जनवरी, 2024 के प्रस्तर–II,III – VI तथा आयोग द्वारा तद् विषय समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुपालन में आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः का अनुपालन सुनिश्चित करना। | DEO/SSP/ SP/RO | **10.06.2024 से 15.07.2024 तक** |
| 1.5– | विभागीय वेबसाईट से राजनैतिक पदाधिकारियों के फोटोग्राफ (यदि कोई हो) हटाया जाना। | DEO/RO | **11.06.2024 (पूर्वान्ह 11.00)** |
| 1.6– | सरकारी सम्पत्ति पर मौजूद सभी प्रकार के भित्ति लेखन (वॉल राइटिंग), पोस्टर्स / पेपर्स या किसी अन्य रूप में विरूपण, कटआऊट / होर्डिंग, बैनर, फ्लैग आदि को **24 घण्टे के भीतर हटाना।** | DEO/RO/SSP-SP/ Urban Development | **11.06.2024 (पूर्वान्ह 11.00)** |
| 7.1– | विभिन्न श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान किए जाने हेतु BLO के माध्यम से फार्म–12डी का वितरण एवं एकत्र करना। | RO/ARO/BLO | **11.06.2024 से 19.06.2024 तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.7– | सार्वजनिक स्थान जैसे रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, हवाई अड्डों, रेलवे पुलों, रोडवेजों, सरकारी बसों, बिजली/टेलीफोन के खंभो, नगर निगम/ नगर पालिका/स्थानीय निकाय भवनों आदि में भित्ति लेखन (वॉल राइटिंग), पोस्टर्स/ किसी अन्य रूप में विरूपण के पर्चे कटआऊट/होर्डिंग्स, बैनर्स झण्डे आदि सभी अनधिकृत राजनैतिक विज्ञापन को **48 घण्टे के भीतर हटाना।** | DEO/RO/SSP-SP/ Urban Development | **12.06.2024 (पूर्वान्ह 11.00)** |
| 1.16– | निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों के प्रबंधन, क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण के लिए आयोग द्वारा निर्धारित कम से कम–16 नोडल ऑफिसरों की नियुक्ति करना तथा उनके सहयोग हेतु सहायक नोडल ऑफिसरों की नियुक्ति। (डीईओ चैकलिस्ट टेबल–4 पेज–13,14) | DEO | **12.06.2024 तक** |
| 5.1– | सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति। | DEO/RO | **12.06.2024 तक** |
| 6.1– | **FLC of EVM & VVPATs** (ECI instruction No. 51/8/INST/2022-EMS Dated 13th September 2022 & Manual on EVM & VVPAT August-2023 Chapter Chapter-2) | DEO/Dy. DEO | **12.06.2024 से 15.06.2024 तक** |
| 6.2– | FLC के दौरान चरणबद्ध रूप से Generate VVPAT Mock Poll Print Slips को दैनिक आधार पर Paper Shredding मशीन से अनिवार्य रूप से नष्ट करना। | DEO/Dy.DEO | **12.06.2024 से 15.06.2024 तक निरन्तर** |
| 1.8– | निजी सम्पत्ति पर प्रदर्शित तथा स्थानीय विधि एवं न्यायालय के निर्देशों, (यदि कोई हो) के अध्यधीन सभी अनधिकृत राजनैतिक विज्ञापनों को **72 घण्टे के भीतर हटाना।** | DEO/RO/SSP/SP/ Urban Development | **13.06.2024 (पूर्वान्ह 11.00)** |
| 1.10– | मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ उप निर्वाचन कार्यक्रम एवं आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में बैठक करना। | DEO/SSP/SP/RO | **13.06.2024 एवं निरन्तर अंतराल पर** |
| 1.12– | विभिन्न Enforcement Agencies के साथ बैठक | DEO/RO | **13.06.2024 एवं निरन्तर अंतराल पर** |
| 1.13– | निर्वाचन व्यय लेखों के रखरखाव हेतु विभिन्न सामग्री की रेट लिस्ट तैयार कर प्रकाशित करना। | DEO | **13.06.2024 त्क** |
| 1.14– | उप निर्वाचन कार्यक्रम एवं आदर्श आचार संहिता तथा निर्वाचन से संबंधित गतिविधि के संदर्भ में मीडिया के साथ बैठक/प्रेस कॉन्फ्रेंस करना। | DEO/RO | **13.06.2024 एवं निरन्तर अंतराल पर** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.4– | आयोग के पत्र संख्या–437/6/INST/ ECI/FUNCT/ MCC/ (BYE ELECTION) दिनांक 02 जनवरी, 2024 में प्रस्तर–IV (1-7) में निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों के स्थानान्तरण/तैनाती की कार्यवाही (यदि कोई हो) | DEO/RO | **14.06.2024** |
| 1.11– | विभिन्न लाईन डिपार्टमेंट यथा शिक्षा विभाग, पेयजल, पॉवर कार्पोरेशन, पीडब्ल्यूडी, शहरी स्थानीय निकाय, पंचायती राज, ग्राम्य विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभगा आदि के साथ बैठक। | DEO/RO | **14.06.2024 तक एवं निरन्तर अंतराल पर** |
| 1.17– | अन्तर्राज्यीय बॉर्डर (यदि कोई हो) मीटिंग करना। | DEO/SSP/SP/RO | **14.06.2024 एवं निरन्तर अंतराल पर** |
| 1.20– | ऐसे विकास कार्यों/निर्माण कार्यों की सूची तैयार करना जो धरातल पर प्रारम्भ हो चुके हैं या प्रारम्भ नहीं हुए है। | DEO | **14.06.2024 तक** |
| 1.21– | भारत निर्वाचन आयोग का पत्र संख्या–437/6/ INST/ECI/ FUNCT/MCC/2024 दिनांक 01 मार्च, 2024 में जारी निर्देशों के आलोक में राजनैतिक दलों को आयोग द्वारा जारी एडवाइजरी से अवगत कराना। | DEO/SSP/SP | **14.06.2024 तक** |
| 2.1– | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा–150 की उपधारा (1) एवं धारा–30 और धारा–56 के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी करना (अधिसूचना की अग्रिम प्रति प्राप्त) | ECI / CEO | **14.06.2024** |
| 2.2– | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा–31 के साथ पठित निर्वाचनों का संचालन नियम–1961 के नियम–3 में निहित प्राविधानों के अनुसार प्रारूप–1 पर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) निर्वाचन की सूचना का प्रकाशित करना एवं नामनिर्देशन की प्रक्रिया प्रारम्भ करना। | RO | **14.06.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे** |
| 2.2– | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा–35 के अनुसरण में निर्वाचनों का संचालन नियम–1961 के नियम–7 में निहित प्राविधानों के अनुसार प्रारूप–3क पर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) नामनिर्देशन की दैनिक सूचना तैयार करना एवं उसका प्रेषण। | RO/ARO/DEO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.13– | रिटर्निगं आफिसर हस्तपुस्तिका के अध्याय–5 पैरा–5.11.2 में अंकित चैकलिस्ट का अक्षरशः अनुपालन करना। चैकलिस्ट दोहरी प्रति (कॉर्बन कॉपी में तैयार की जाएगी) | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024** |
| 2.14– | रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका के अध्याय–5 के प्रस्तर–5.12 में निहित प्राविधानों के अनुसार नामनिर्देशित अभ्यर्थी से निर्धारित घोषणा पत्र के साथ नामनिर्देशन के समय फोटोग्रॉफ प्राप्त करना। | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024** |
| 2.15– | यदि कोई अभ्यर्थी अपने नामनिर्देशन–पत्र के साथ फार्म–26 पर प्रस्तुत शपथ–पत्र के बिन्दु संख्या–5/6 में लम्बित/दोषसिद्ध आपराधिक पूर्ववृत (Criminal Antecedent) के संबंध में सूचना प्रदर्शित करता है तो मा. उच्चत्तम न्यायालय के निर्णय दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के अनुपालन में आयोग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के आलोक में ऐसी सूचनाओं को संबंधित अभ्यर्थी/राजनैतिक दल द्वारा इलेक्ट्रॉनिक/प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशन किए जाने हेतु नोटिस जारी करना। | RO/ARO संबंधित अभ्यर्थी को प्रारूप– C-3 में नोटिस जारी किया जाएगा। | **14.06.2024 से 21.06.2024 (ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को, उसके द्वारा नामनिर्देशन प्रस्तुत करते समय)** |
| 2.18– | प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा अपने नामनिर्देशन–पत्र के साथ प्रारूप–26 में प्रस्तुत शपथ–पत्र की फोटो प्रति RO कार्यालय के सूचना पट पर/अन्य सहज दृश्य स्थान पर सर्वसाधारण की जानकारी के लिए चस्पा करना एवं CEO/ECI वेबसाईट पर अपलोड करना। | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्राप्त होगा)** |
| 2.20– | प्रत्येक अभ्यर्थी से हिन्दी तथा अंग्रेजी में उसके नाम की वर्तनी (Speling) (In Capital Letter) लिखित में प्राप्त करना ताकि प्रारूप–7क एवं मतपत्र में नाम की सही वर्तनी प्रिन्ट की जा सके। | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |
| 2.21– | निर्वाचन व्यय लेखों के रख–रखाव हेतु नामनिर्देशित प्रत्येक अभ्यर्थी को अलग बैंक खाता खोलने हेतु नोटिस प्रदान करना/अनुरोध करना। | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |
| 2.22– | निर्वाचन व्यय लेखों के दैनिक रख–रखाव हेतुः–<br>1–Annexure-48 Part-A पर व्यय लेखा रजिस्टर,<br>2– Part-B पर कैश रजिस्टर, | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 3– Part-C पर बैंक रजिस्टर के साथ–साथ, 4–रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका–2023 के पृष्ठ संख्या–392 से 405 में अंकित निर्देशों/प्रारूपों की प्रति प्रत्येक नामनिर्देशित अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना। (रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय–5 पैरा–5.28 से 5.29) | | |
| 2.23– | रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका–2023 के पृष्ठ संख्या–321 पर Annexure-19 पर निर्वाचन कानून के अन्तर्गत दण्डात्मक प्रावधानों के सम्बन्ध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 के अन्तर्गत भ्रष्ट आचरण, चुनावी अपराध एवं भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की सुसंगत धाराओं के उद्धरण की प्रति सुलभ संदर्भ हेतु प्रत्येक नामनिर्देशित अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना। | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |
| 2.24– | रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका–2023 के पृष्ठ संख्या–322 में Annexure-20 पर अभ्यर्थी एवं उसके निर्वाचन अभिकर्ता के नमूना हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से प्राप्त करना। (रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय–5 पैरा–5.27) | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा) अथवा विलम्बत्तम 26.06.2024 तक** |
| 2.25– | निर्वाचनों का संचालन नियम–1961 के नियम–12 (1) में निहित प्राविधानों के अनुसरण में अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति किए जाने हेतु प्रत्येक नामनिर्देशित अभ्यर्थी को प्रारूप–8 की कम से कम दो प्रति अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना।(रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय–5 पैरा–5.25) | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |
| 2.26– | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा–127क में निहित प्राविधानों के अनुसार पम्पलेट, पोस्टर आदि के मुद्रण के सम्बन्ध में नामनिर्देशित अभ्यर्थियों को सूचित करना। (रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय–5 पैरा– 5.30) | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |
| 2.27– | नामनिर्देशित अभ्यर्थी को Handbook For Candidate-2023 की एक प्रति उपलब्ध कराना। (आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड कर आवश्यक संख्या में स्थानीय स्तर पर मुद्रित करवाकर स्पाइरल वाइडिंग करवाया जा सकता है।) | DEO/RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.28– | आयोग के आदर्श आचार संहिता सम्बन्धी मार्गदर्शी सिद्धान्तों, तथा आचार संहिता के सम्बन्ध में जारी दिनांक 02 जनवरी, 2024 के निम्न निर्देशों की प्रति नामनिर्देशित अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराना :–<br>1–निर्वाचन के दौरान वाहनों का प्रयोग<br>2–क्या करें क्या न करें,<br>3–इलेक्शन मैनिफेस्टो<br>4–सेलिब्रेशन ऑफ इम्पोर्टेटं डे<br>5–चुनावी प्रचार<br>6–विज्ञापन प्रकाशन एवं प्रसारण<br>7–लोक सभा / विधान सभा उप निर्वाचन<br>8–निर्वाचन के दौरान मा. मंत्रीगणों का भ्रमण | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |
| 2.29– | प्रत्येक नामनिर्देशित अभ्यर्थी को उत्तरांचल लोक सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम–2003 (संख्या–502 / विधायी एवं संसदीय कार्य / 2003 दिनांक 19 जनवरी, 2004) तथा उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति विरूपण निवारण नियमावली–2009 (संख्या–248 / IV(1) / 2009)–02(49) / 2009 दिनांक 10 फरवरी, 2009 की प्रति उपलब्ध कराना। | RO/ARO | **14.06.2024 से 21.06.2024 तक (जिस दिन भी कोई नामांकन प्रस्तुत करेगा)** |
| 4.1– | केन्द्र / राज्य सरकार के विभिन्न विभाग / कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों आदि के अधिकारियों / कर्मचारियों / शिक्षकों आदि का पूर्व की भाँति नियत प्रारूप पर डाटाबेस तैयार करना। | DEO | **14.06.2024 तक** |
| 5.2– | सेक्टर / जोनल मजिस्ट्रेटों को मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया, कानून व्यवस्था एवं EVM आदि का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ–साथ उनके सेक्टर की **VM-1** रिपोर्ट उपलब्ध कराना। | DEO/RO | **15.06.2024 तक** |
| 4.12– | सहायक व्यय लेखा प्रेक्षक एवं व्यय लेखा टीम को निर्वाचन व्यय लेखों की निगरानी आदि के सम्बन्ध में SLMT के द्वारा प्रथम प्रशिक्षण प्रदान करना। | DEO/RO | **16.06.2024 तक** |
| 5.3– | सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा अपने–अपने सेक्टर के मतदेय स्थलों / क्षेत्रों का भ्रमण करना एवं **VM-2** पर मतदेय स्थलवार / क्षेत्रवार विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना। | SM/RO | **16.06.2024 से 20.06.2024 तक** |
| 4.2– | मतदान कार्मिकों का **First Randomization** (120%) तथा Order Generate करना। (आयोग के पत्र संख्या–464/INST/2022/EPS दिनांक 15 मार्च, 2023 तथा रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका–2023 अध्याय–3) | DEO | **17.06.2024** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6.3– | FLC के पश्चात अधिकत्तम 10% FLC OK मशीनों को प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन हेतु अलग करना एवं इन मशीनों पर पीले कलर का निर्धारित स्टीकर चस्पा करना, तथा EMS में अपडेट करना। (इवीएम मैनुअल का अध्याय–3 एवं 5) | DEO/Dy.DEO | **18.06.2024 तक** |
| 8.1. | विधान सभा उप निर्वाचन हेतु ERO Net में Label में आवश्यक परिवर्तन/संशोधन के पश्चात :–<br>1–VIS (वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप) एवं वितरण रजिस्टर की ERO Net से PDF तैयार करना।<br>2–निर्वाचक नामावली की ERO Net से PDF तैयार करना।<br>3–Alphabetical Roll की PDF तैयार करना। | DEO/ERO | **18.06.2024 तक** |
| 8.2– | उपरोक्तानुसार मतदेय स्थलवार PDF तैयार करने के पश्चात प्रत्येक PDF की भली–भाँति से जांच कर विशेष वाहक के द्वारा उन्हें अधिकृत वेण्डर को लेजर प्रिन्टिग हेतु उपलब्ध कराना। | DEO/ERO | **18.06.2024 अपरान्ह 05:00 बजे तक** |
| 4.3– | प्रथम रेण्डामाईजेशन के अनुसार विभागवार नियुक्ति आदेशों के साथ समस्त कार्मिकों के लिए डाक मतपत्र की सुविधा हेतु फार्म–12 की तामीली करना। | DEO | **19.06.2024 तक** |
| 5.4– | सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा अपने–अपने सेक्टर के मतदेय स्थलों/क्षेत्रों **VM-3** पर VM की सार रिपोर्ट RO को प्रस्तुत करना। (VM-2 की प्रति सहित) | SM/RO | **20.06.2024 तक** |
| 6.15– | मतदाता जागरूकता एवं प्रदर्शन के लिए भौतिक रूप से मशीनों का प्रयोग नहीं किया जाएगा बल्कि केवल Digital Outreach के माध्यम से मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान संचालित एवं सम्पादित करना, जिसमें शत–प्रतिशत मतदेय स्थल कवर हो सकें। (ईवीएम मैनुअल अध्याय–5) | DEO/RO | **20.06.2024 से 30.06.2024 तक** |
| 1.19– | विधान सभा/बूथ स्तरीय इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान तैयार करना (AEMP & BEMP) | DEO/RO | **21.06.2024 तक** |
| 2.3– | नामनिर्देशन के अंतिम दिनांक को रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–5 के प्रस्तर–5.24.3 (पृष्ठ–58 एवं 59) में नियत प्रारूप पर नामनिर्देशित अभ्यर्थियों की सूची (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) तैयार करना एवं उसका प्रेषण। | RO/ARO/DEO | **21.06.2024 अपरान्ह 03.00 बजे** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.8– | किसी अभ्यर्थी के द्वारा अपने नामनिर्देशन पत्र के साथ संबंधित राजनैतिक दल **(मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय राजनैतिक दल अथवा पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल)** द्वारा अपने नाम निर्देशन के साथ **फार्म–ए एवं फार्म–बी (मूल रूप में स्याही से हस्ताक्षरित) प्रस्तुत न करना।** निर्दलीय अभ्यर्थी पर यह लागू नहीं होगा।<br>किसी भी अभ्यर्थी द्वारा अपने नामनिर्देशन– पत्र के साथ फार्म–26 पर निर्धारित शपथ–पत्र प्रस्तुत न करना। | RO/ARO<br>नामनिर्देशन–पत्र प्राप्त करते समय नामनिर्देशन पत्र/पत्रों की सामान्य जांच के पश्चात संबंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। | **21.06.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक रिटर्निगं आफिसर को प्रस्तुत किया जाना चाहिए (यदि कोई हो)** |
| 3.1– | डाक मतपत्रों (वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मियों, यथा मतदान पार्टी, सुरक्षा कर्मियों एवं ड्राईवर–क्लीनर, कंडक्टर आदि सहित) की छपाई हेतु स्थानीय स्तर पर विगत निर्वाचनों की भाँति प्रिन्टिग प्रेस का चयन करना एवं कागज (गुलाबी रंग का कागज) की व्यवस्था करवाना। (आयोग का पत्र संख्या– 52/2023/SDR/Vol. IV दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 एवं रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय–11 पृष्ठ–96 से 127) | DEO/RO | **21.06.2024** |
| 3.26– | Braille Dummy Ballot Sheet की प्रिन्टिंग हेतु किसी वरिष्ठ भिज्ञ अनुभवी अधिकारी को नामित/नियुक्त करना। | DEORO | **21.06.2024 तक** |
| 4.4– | मतदान कार्मिकों (Mocro Observer सहित) की **First Training** (पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम) छोटे–छोटे बैच में, मास्टर ट्रेनरों द्वारा EVM की Hands on Training तथा डाक मतपत्र की सुविधा हेतु पूर्ण रूप से भरे हुए फार्म–12 प्राप्त करना (प्रथम रेण्डामाइजेशन के अनुसार विभाग/कार्यालय के समस्त कार्मिकों के) | DEO | **21.06.2024 एवं 22.06.2024** |
| 4.11– | गर्मी/वर्षात के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण केन्द्रों/सुविधा केन्द्रों, Dispersal and Collection Centre पर शुद्ध शीतल पेयजल, छाया, कूलर, पंखा, एम्बुलेंस–आवश्यक औषधि सहित चिकित्सा दल एवं अन्य कल्याणकारी आकस्मिक व्यवस्थाएं जैसे स्वच्छ ताजा चाय–नाश्ता–भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करना। | DEO/RO | **21.06.2024 से 11.07.2024 तक** |
| 6.14– | मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए नियमानुसार केवल T&A मशीनों का ही प्रयोग किया जाएगा। मशीनों को प्रशिक्षण स्थल तक ले जाने एवं लाने के लिए | DEO/RO | **21.06.2024 एवं 22.06.2024 तथा 27.06.2024 से** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | जीपीएस युक्त वाहन के प्रयोग के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी तथा अयोग के तद् विषयक प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना। | | **29.06.2024 और अन्य जो भी प्रशिक्षण तिथियां हों** |
| 7.2– | होम वोटिंग हेतु मतदान पार्टियों के संचलन के लिए रूट चार्ट एवं कार्यक्रम का निर्धारण | RO/ARO | **21.06.2024 तक** |
| 8.3– | अधिकृत वेण्डर द्वारा साफ एवं स्वच्छ लेजर प्रिन्टग करना :–<br>1–VIS (वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप) एवं वितरण रजिस्टर की 01 प्रति लेजर प्रिन्ट,<br>2–निर्वाचक नामावली की कुल–12 प्रति लेजर प्रिन्ट एवं<br>3–Alphabetical Roll की एक प्रति लेजर प्रिन्ट संबंधित जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करान। | Vendor | **21.06.2024 अपरान्ह 07:00 बजे तक** |
| 10.1– | आयोग के पत्र संख्या–464/Counting Arrangements/ 2023-EPS दिनांक 18 जुलाई, 2023 एवं रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका के अध्याय–15 के अनुसार मतगणना केन्द्र, भवन/हॉल एवं स्ट्राँग रूम आदि का चयन करना एवं जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक द्वारा चयनित भवन/केन्द्र/हॉल एवं स्ट्राँग रूम का सुरक्षा आदि की दृष्टि से संयुक्त निरीक्षण करना। | DEO/SSP/SP/RO | **21.06.2024 तक** |
| 10.3– | मतगणना भवन/केन्द्र के प्रस्ताव में निम्नलिखित बिन्दुओं को अनिवार्य रूप से समाविष्ट करना :–<br>1–मतगणना हॉल का साईज तथा उसमें प्रस्तावित कुल मेजों की संख्या (न्यूनत्तम–7 एवं अधिकत्तम–14 गणना मेज)<br>2–प्रवेश एवं निकास के लिए अलग–अलग दरवाजे,<br>3–स्ट्राँग रूम से मतगणना हॉल तक मशीनों को लाने के लिए Criss Cross की स्थिति,<br>4– मतगणना के लिए प्रस्तावित मेजों में से किसी भी एक मेज को VCB के लिए भी चिन्हित करना। | DEO/RO | **21.06.2024 तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 5–Category A & B की मशीनों के लिए स्ट्राँग रूम चिन्हित करना।<br>6– डाक मतपत्रों की गणना हेतु अलग हॉल/कक्ष चिन्हित करना।<br>7–ईटीपीबी से प्राप्त डाक मतपत्रों की प्रि–काउंटिंग हेतु स्केनिंग के लिए अलग कक्ष/हॉल चिन्हित करना।<br>8–मीडिया सेन्टर के लिए कक्ष/हॉल चिन्हित करना।<br>9–प्रेक्षक/डीईओ के लिए अलग कक्ष चिन्हित करना।<br>10–मतगणना केन्द्र/स्ट्राँग रूमों की सुरक्षा में तैनात CAPF तथा अन्य सुरक्षा कर्मियों के लिए उसी केन्द्र/भवन आदि में आवश्यक संख्या में कक्ष/हॉल (जहां भोजन आदि बनाने के लिए भी पर्याप्त सुरक्षित स्थान हो तथा स्वच्छ पेयजल सहित पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था हो) चिन्हित करना।<br>11–कंट्रोल रूम के लिए कक्ष का चयन।<br>12–डाक मतपत्रों की गणना हेतु प्रति मेज अधिकत्तम 500 डाक मतपत्रों हेतु मतगणना मेजों का निर्धारण करना।<br>13–ईटीपीबी के माध्यम से प्राप्त डाक मतपत्रों की प्रि–काउंटिंग हेतु प्रति मेज अधिकत्तम 250–300 लिफाफों की स्केनिंग हेतु मेजों का निर्धारण करना।<br>14–मतगणना केन्द्र/परिसर में 24X7 सीसीटीवी एवं निर्वाध रूप से विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना। | | |
| 11.1– | भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–464/INST/ EPS/2023 (CAPFs) दिनांक 14 जून, 2023 में जारी निर्देशों (प्रस्तर–G से I) के अनुसार CAPF के लिए परिवहन, आवास एवं अन्य कल्याणकारी उपाय/प्रबंध–प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना। | DEO/SSP/SP | **21.06.2024 तक** |
| 12.1– | Manual on Force deployment in Election-2023 के अध्याय–7 एवं 9 तथा Handbook for Police Officers-2023 तथा आयोग द्वारा तद् विषय समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुपालन में मानक के अनुसार सुरक्षा बलों की तैनाती हेतु जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी | DEO/SSP/SP | **21.06.2024 तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से सम्यक् विचारोपरान्त विस्तृत कार्ययोजना तैयार करना। मानक विवरण हेतु Manual on Force deployment in Election-2023 का Annexure-XI & Annexure-XII देखें। | | |
| 12.3– | Non CAPF Mesure (Force Multipliers And Civil Measures) सम्बन्धी आयोग के दिशा–निर्देशों को भी Force Deployment Plan में सम्मिलित करना। | DEO/SSP/SP | **21.06.2024 से 05.07.2024** |
| 14.3– | मतदान पार्टियों के आवागमन सहित निर्वाचन के लिए प्रयुक्त होने वाले हल्के/भारी वाहनों का आंकलन करना (सुरक्षा कर्मियों/CAPF सहित) | DEO/SSP/SP/RO | **21.06.2024 तक** |
| 5.5– | सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा RO को VM-2 & VM-3 पर प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर **RO के द्वारा VM-4** पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार संकलित रिपोर्ट तैयार कर DEO को प्रस्तुत करना। | RO | **22.06.2024 तक** |
| 6.4– | FLC OK मशीनों का First Randomization करना एवं संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निगं आफिसर को सुरक्षित अभिरक्षा में सौंपना।<br>लेना। (ईवीएम मैनुअल अध्याय–3 एवं 6) | DEO/Dy.DEO/RO | **22.06.2024 तक** |
| 6.5– | RO के द्वारा उक्तानुसार First Randomized मशीनों को प्राप्त करना एवं EMS Mobile App से स्केन कर EMS में भी अपडेट करना। | RO/ARO | **22.06.2024 तक** |
| 7.3– | रूट चार्ट एवं कार्ययोजना मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ साझा करना एवं सभी आवश्यक माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार करना | RO/ARO | **22.06.2024 तक** |
| 7.4– | दिनांक 19 जून, 2024 तक **प्रारूप–12डी** में प्राप्त आवेदनों के आधार पर **ANNEXURE-9** पर अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं की सूची तैयार करना। | RO/ARO | **22.06.2024 तक** |
| 7.6– | अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं द्वारा मतदान के लिए मतदान दल का गठन एवं उनका प्रशिक्षण (माईक्रो ऑब्जरबर, वीडियोग्रॉफर, सुरक्षा कर्मी, तथा बीएलओ एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि सहित) | DEO/RO | **22.06.2024 से 24.06.2024** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8.10– | VIS (वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप) एवं वितरण रजिस्टर, तथा Voter Guide Books मतदाताओं को वितरण के लिए प्रत्येक BLO को उपलब्ध करना। | DEO/RO | **22.06.2024 तक** |
| 8.11– | BLO के माध्यम से शत प्रतिशत निर्वाचकों को VIS (वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप) के साथ प्रति परिवार (House Hold) को Voter Guide Books का वितरण करते हुए निर्धारित रजिस्टर पर प्राप्ति लेना।<br>आयोग का पत्र संख्या–464/INST/VIS/2023/EPS दिनांक 08.06.2024 | BLO/RO | **22.06.2024 से 05.07.2024 तक** |
| 8.12– | BLO के द्वारा निर्धारित प्रारूप पर ASD List तैयार करना। | BLO/RO | **22.06.2024 से 05.07.2024 तक** |
| 2.10– | नामनिर्देशन–पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी द्वारा संविधान के अनुच्छेद–173 (क) के अनुसार विहित शपथ न लेना। | RO/ARO संबंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। | **23.06.2024 मध्य रात्रि 11:59:59 तक संवीक्षा के लिए नियत तिथि से पूर्व निर्धारित शपथ ली जानी चाहिए। रिटर्निगं आफिसर हस्तपुस्तिका का पैरा–5.17 से पैरा–5.18 देखें।** |
| 2.4– | नामनिर्देशन–पत्रों की संवीक्षा (Scrutiny) भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में। रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका–2023 के अध्याय–6 के प्रस्तर–6.3.1 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा–36 में निहित प्राविधनों के अनुसार नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा के समय नामनिर्देशित अभ्यर्थी, उसका निर्वाचन अभिकर्ता, प्रत्येक अभ्यर्थी का कोई एक प्रस्थापक एवं एक अन्य कोई अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है। | RO | **24.06.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे से** |
| 2.5– | नामनिर्देशन–पत्रों की संवीक्षा के उपरान्त निर्वाचनों का संचालन नियम–1961 के नियम–8 के अनुसरण में रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका के अध्याय–6 के प्रस्तर–6.12 के अनुपालन में प्रारूप–4 पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में विधिमान्यतः नामनिर्देशित | RO/ARO | **24.06.2024** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना एवं उसका प्रेषण। (सूची अभ्यर्थियों के नाम के हिन्दी वर्णानुक्रम में तथा राजनैतिक दलों की श्रेणी के तीन वर्गों में तैयार करना) | | |
| 2.9– | यदि नामनिर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत **प्रारूप–26 शपथ पत्र** में कोई कॉलम खाली छोड़ा गया है, या उसमें डैस (–) किया गया है अथवा प्रारूप–26 के शपथ–पत्र की विषय वस्तु आयोग द्वारा निर्धारित विषय वस्तु/विवरण से भिन्न है या कोई सामग्री छोड़ दी गयी है आदि... | RO/ARO<br>नामनिर्देशन–पत्र प्राप्त करते समय नामनिर्देशन पत्र/पत्रों की सामान्य जांच के पश्चात संबंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। | **24.06.2024**<br>**पूर्वान्ह 11:00 बजे तक पुनः संशोधित नया शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।** |
| 2.11– | यदि नामनिर्देशित अभ्यर्थी किसी भिन्न निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता है और उसके द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत नहीं की गयी है। | RO/ARO<br>संबंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। | **24.06.2024**<br>**निर्वाचक नामावली की प्रमाणित प्रति नामनिर्देशन–पत्रों की संवीक्षा के समय तक प्रस्तुत की जानी चाहिए।** |
| 2.12– | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के नामनिर्देशित अभ्यर्थी द्वारा जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना। | RO/ARO<br>संबंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। | **24.06.2024**<br>**सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति नामनिर्देशन–पत्रों की संवीक्षा के समय तक प्रस्तुत की जानी चाहिए।** |
| 3.3– | निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण द्वारा On line Service Voter Portal (https://svp.eci.gov.in) में सर्विस इलेक्टर को फाइनलाईज करना। (फाइनलाइज बटन को क्लिक कर फाइनल करना है) | ERO | **24.06.2024**<br>**को** |
| 3.11– | स्थानीय पूर्व चयनित प्रिन्टिग प्रेस में डाक मतपत्रों की छपाई हेतु गुलाबी रंग के कागज की उपलब्धता की पुष्टि करना, सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती के साथ–साथ प्रिन्टिंग कार्य की Close Monitoring हेतु किसी सहायक रिटर्निगं ऑफिसर प्रिन्टिंग की तैनाती करना। | DEO/RO | **24.06.2024**<br>**तक** |
| 5.6– | **RO के द्वारा VM-4** पर DEO को प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर DEO द्वारा **VM-5** पर संकलित रिपोर्ट तैयार कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित करना। | DEO | **24.06.2024**<br>**तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10.2– | आयो के उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 18 जुलाई, 2024 के साथ संलग्न ANNEXURE-E अथवा रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका के अध्याय–15 के प्रस्तर–15.3 Information Sheet पर मतगणना भवन, केन्द्र / हॉल / स्ट्राँग रूम का प्रस्ताव (विस्तृत Layout / मानचित्र सहित) जि0नि0अ0 एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर से आयोग के अनुमोदन हेतु मु0नि0अ0 कार्यालय को प्रेषित करना। | DEO/SSP/SP/RO | **24.06.2024 तक** |
| 4.13– | सहायक व्यय लेखा प्रेक्षक एवं व्यय लेखा टीम को निर्वाचन व्यय लेखों की निगरानी आदि के सम्बन्ध में आयोग द्वारा नियुक्त व्यय लेखा प्रेक्षक द्वारा द्वित्तीय प्रशिक्षण प्रदान करना। | DEO/RO/OBS. | **25.06.2024 तक या (प्रेक्षक की सुविधा के अनुसार)** |
| 5.7– | DEO द्वारा VM-5 पर प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर **VM-6** पर CEO द्वारा आयोग को रिपोर्ट प्रेषित करना। | CEO | **25.06.2024** |
| 9.1– | निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मियों के लिए सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) पर डाक मतपत्र की सुविधान प्रदान करने हेतु नोडल ऑफिसरों की नियुक्ति करना :–<br>1. मतदान कार्मिकों के लिए नोडल ऑफिसर<br>2. सुरक्षा कर्मियों (होमगार्ड–पीआरडी सहित) के लिए पुलिस नोडल ऑफिसर।<br>ड्राइवर–कंडक्टर, क्लीनर के लिए नोडल ऑफिसर। | DEO/RO/ SSP/SP / Nodal Transport | **25.06.2024** |
| 1.9– | भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों एवं मा. उच्च न्यायालय के तद्विषयक जारी आदेश (यदि कोई हो) के अनुपालन में आग्नेयास्त्र ले जाने पर प्रतिबंध लगाना और लाइसेंसी हथियार जमा करने की कार्यवाही करना / विशेष मामलों में, जहाँ आवश्यक हो लाइसेंसी हथियार की अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करना। | DM/SSP/SP | **26.06.2024** |
| 2.6– | निर्वाचनों का संचालन नियम–1961 के नियम–9 (1) के अनुसार प्रारूप–5 पर अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना (यदि कोई हो) प्राप्त करना तथा नियम–9 (2) के अनुसार प्रारूप–6 पर अभ्यर्थिता वापस लिए जाने की सूचना (यदि कोई हो) प्रकाशित | RO/ARO | **26.06.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | करना। ऐसे आवेदन/सूची विधिमान्यतः नामनिर्देशित अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित किए जाने के उपरान्त ही प्राप्त/तैयार की जाएगी। | | |
| 2.7– | विधिमान्यतः नामनिर्देशित अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करना एवं निर्वाचनों का संचालन नियम–1961 के नियम–10(1) के अनुसरण में प्रारूप–7क पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना तथा उसका प्रेषण। (सूची अभ्यर्थियों के नाम के हिन्दी वर्णानुक्रम में तथा राजनैतिक दलों की श्रेणी के तीन वर्गों में तैयार करना) | RO/ARO | **26.06.2024 अपरान्ह 03:00 बजे से** |
| 2.17– | Format-CA पर आपराधिक पूर्ववृत (Criminal Antecedent) से संबंधित स्पष्ट विवरण मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करना। (यदि सूचना शून्य हो तो ऐसी स्थिति में शून्य सूचना ही नियत प्रारूप पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करना) | RO | **26.06.2024** |
| 2.19– | प्रारूप–7क के अनुसार ENCORE Application में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी का नाम, पिता/पति का नाम, पता एव दल सहबद्धता आदि विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में अपलोड/अपडेट करने के साथ–साथ अभ्यर्थी का फोटो एवं चुनाव चिन्ह अपलोड/अपडेट करना। | RO/ARO | **26.06.2024 अपरान्ह 03:00 बजे के पश्चात प्रारूप–7क तैयार होने के फलस्वरूप** |
| 2.30– | निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को उस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराना। | RO/ARO | **26.06.2024** |
| 2.31– | मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी को उस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की एक हार्ड कॉपी एवं एक सॉफ्ट कॉपी (सॉफ्ट कॉपी बिना फोटो के) उपलब्ध कराना। | RO/ARO | **26.06.2024** |
| 2.32– | निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को मतदान अभिकर्ताओं (Polling Agents) की नियुक्ति हेतु आवश्यक संख्या में प्रारूप–10 उपलब्ध कराना।<br>मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति के प्रतिसंहरण (Revocation) हेतु आवश्यक संख्या में प्रारूप–11 भी उपलब्ध कराना। | RO/ARO | **26.06.2024** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.33— | निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को EVM & VVPAT की First & Second Randomization की लिस्ट उपलब्ध कराना। (मैनुअल ऑन ईवीएम अगस्त—2023 अध्याय—7 पृष्ठ—36) | RO/ARO | **26.06.2024** |
| 2.34— | निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को प्लास्टिक / पॉलीथीन से निर्मित प्रचार—प्रसार सामग्री का उपयोग न करने के सम्बन्ध में आयोग के पत्र संख्या—3/ER/2023/SDR/Vol.II दिनांक 18 अगस्त, 2023 में अपील की प्रति उपलब्ध कराना। | RO/ARO | **26.06.2024** |
| 2.35— | निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी तथा उनके निर्वाचन अभिकर्ता को निर्धारित प्रारूप फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करना। (रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय—7 पैरा—7.8) | RO | **26.06.2024** |
| 3.2— | प्रारूप—7क पर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची अंतिम रूप से तैयार करने के उपरान्त निम्न मतपत्र तैयार करना :—<br>**1**—ईवीएम / टेण्डर वोट हेतु मतपत्र (गुलाबी रंग का कागज)<br>**2**—डाक मतपत्र (गुलाबी रंग का कागज) (अनुपस्थित श्रेणी के वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, आवश्यक सेवा के मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों एवं ड्राईवर—क्लीनर, कंडक्टर आदि सहित)<br>**3**—सर्विस मतदाताओं के लिए ईटीपीबी हेतु etpbms.eci.gov.in के माध्यम से Generate करना, सामान्य A4 साईज फोटो स्टेट पेपर पर (आयोग का पत्र संख्या—52/2023/SDR/Vol. IV दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 एवं रिटर्निगं ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय—11 पृष्ठ—96 से 127) | DEO/RO/ ARO | **26.06.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे के पश्चात** |
| 3.4— | सर्विस मतदाताओं के लिए etpbms.eci.gov.in से ऑफ लाईन टूल डाउनलोड करके फिर उस टूल से बैलेट पेपर Generate करना तथा इसका प्रिन्ट करना एवं जांचोपरान्त RO एवं DEO द्वारा अपने संयुक्त हस्ताक्षर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय के अनुमोदन हेतु भेजना। | DEO/RO | **26.06.2024 विलम्बत्तम अपरान्ह 05:00 बजे तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3.5– | सर्विस मतदाताओं के लिए उक्तानुसार ईटीपीबी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरान्त DEO/RO को प्रेषित करना। | CEO | **26.06.2024 अपरान्ह 06:00 बजे तक** |
| 3.6– | etpbms.eci.gov.in में RO द्वारा, सर्विस मतदाताओं से डाक मतपत्रों की वापसी का सुस्पष्ट पता अंकित करना। ध्यान रहे पता पूर्ण एवं स्पष्ट होना चाहिए जिस पर डाक द्वारा ईटीपीबी डाक मतपत्रों के लिफाफे वापस प्राप्त होंगें। | RO | **26.06.2024 अपरान्ह 05:30 बजे तक** |
| 3.7– | मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय के अनुमोदन के पश्चात हस्ताक्षरयुक्त ईटीपीबी को पत्रावली में सुरक्षित रखें तथा जो ऑफ लाईन टूल से बैलेट पेपर जनरेट किया गया और अनुमोदन के लिए भेजा था इस बैलेट पेपर को बिना हस्ताक्षर के etpbms.eci.gov.in में अपलोड करना एवं पिन जनरेट करना। | RO | **26.06.2024 अपरान्ह 07:00 बजे** |
| 3.8– | यह सुनिश्चित करना कि etpbms.eci.gov.in में उस विधान सभा के सभी सर्विस निर्वाचकों के शत–प्रतिशत पिन जनरेट हो गए हैं। | RO | **26.06.2024 अपरान्ह 07:00 बजे** |
| 3.9– | ईटीपीबी की चरणबद्ध रूप से उक्त कार्यवाही सम्पन्न करने के पश्चात RO द्वारा निर्धारित चैकलिस्ट तैयार करना एवं हस्ताक्षर कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करना। **(RETURNING OFFICER CHECKLIST FOR ETPBMS)** | RO | **26.06.2024 अपरान्ह 07:30 बजे तक** |
| 3.10– | **नोट :–** ईटीपीबी के प्रत्येक चरण की प्रक्रिया को सावधानी पूर्वक एवं ध्यानपूर्वक संचालित एवं सम्पादित करें, क्योंकि कोई भी स्टेप वापस नहीं लिया जा सकता है। इसलिए गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। संलग्न एसओपी का अक्षरशः अनुपालन करें। किसी भी संदेह के मामले में तुरन्त मु0नि0अ0 कार्यालय से सम्पर्क करना। | DEO/ERO/RO | **26.06.2024** |
| 3.12– | अनुपस्थित श्रेणी के वरिष्ठ मतदाताओं ($85^{+}$), दिव्यांग मतदाताओं, आवश्यक सेवा के अन्तर्गत अधिसूचित मतदाताओं तथा निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों, ड्राईवर, क्लीनर, कंडक्टर आदि के लिए डाक मतपत्र का नमूना तैयार करना। (आयोग का पत्र संख्या–52/2023/SDR/Vol. IV दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 एवं रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय–11 पृष्ठ–96 से 127) | RO | **26.06.2024 अपरान्ह 05:00 बजे तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3.13— | तैयार किए गए डाक मतपत्र का नमूना जांच एवं परीक्षण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करना। | DEO/RO | **26.06.2024 अपरान्ह 05:30 बजे तक** |
| 3.20— | EVM (BU) पर लगाने तथा टेण्डर वोट के लिए सामान्य मतपत्र का नमूना तैयार करना, (आयोग का पत्र संख्या– 52/2023/SDR/Vol. IV दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 एवं रिटर्निंग ऑफिसर हस्तपुस्तिका अध्याय–11 पृष्ठ–96 से 127) | RO | **26.06.2024 अपरान्ह 05:00 बजे तक** |
| 3.21— | तैयार किए गए सामान्य मतपत्र का नमूना जांच एवं परीक्षण हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करना। | DEO/RO | **26.06.2024 अपरान्ह 05:30 बजे तक** |
| 13.1— | मतदेय स्थलवार विस्तृत Communication Plan तैयार करना एवं Communication shadow Polling Stations आदि के लिए संचार की वैकल्पिक व्यवस्था करना। | DEO/SSP/SP/RO | **26.06.2024 तक** |
| 14.1— | वितरण केन्द्र (Dispersal Centre) से मतदेय स्थल तक आवागमन हेतु विस्तृत Route Plan तैयार करना, जिसमें निम्न बिन्दु अनिवार्य रूप से सम्मिलित हों :—<br>1— वितरण केन्द्र (Start Point)<br>**2—** वितरण केन्द्र से अंतिम मोटर शीर्ष तक पड़ने वाले पूर्व निर्धारित मार्ग (Predefined route)<br>**3—** अंतिम मोटर शीर्ष का नाम एवं उसकी वितरण केन्द्र से सड़क मार्ग की दूरी किमी. में (जहां पर वाहन अंतिम मतदान पार्टी को Drop कर खड़ा रहेगा)।<br>**4—** दूरी के आधार पर वाहन को वितरण केन्द्र से अंतिम मोटर शीर्ष तक पहुंचने में लगने वाला अनुमानित समय,<br>**5—** अंतिम मोटर शीर्ष से मतदेय स्थल तक की पैदल दूरी किमी. तथा पेदल चलने में मतदेय स्थल तक पहुंचने में लगने वाला अनुमानित समय।<br>**6—** निर्धारित वाहन में कुल कितनी मतदान पार्टियों (सुरक्षा कर्मियों सहित) को रवाना किया जा रहा है।<br>**7—** जोनल एवं सेक्टर का नाम<br>**8—** संग्रह केन्द्र का नाम जहां पर मतदान की समाप्ति के पश्चात मतदान पार्टी द्वारा सामग्री जमा की जाएगी।<br>**9—** अंतिम मतदान पार्टी के पीठासीन अधिकारी का नाम जो वाहन का प्रभारी होगा।<br>10— वाहन का पूरा नम्बर एवं प्रकार जिसके द्वारा मतदान पार्टी का आवागमन होना है। | DEO/RO | **26.06.2024 तक** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15.1– | Vulnerable & Critical मतदेय स्थलों को सम्मिलित करते हुए विधान सभा क्षेत्र के कम से कम 50% मतदेय स्थलों को Webcasting के लिए चिन्हित करना। | DEO/SSP/SP/RO | **26.06.2024 तक** |
| 3.14– | डाक मतपत्र के नमूने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मौखिक रूप से सैद्धान्तिक सहमति प्राप्त करने के पश्चात प्रिन्टिग प्रेस में डाक मतपत्रों की छपाई हेतु सहायक रिटर्निगं ऑफिसर प्रिन्टिग द्वारा मास्टर प्लेट तैयार करवाना एवं उसकी प्रूफ रीडिंग करना। | RO/ARO | **27.06.2024 पूर्वान्ह 09:00 बजे तक** |
| 3.15– | सहायक रिटर्निगं ऑफिसर (प्रिन्टिग) द्वारा प्रिन्टिंग प्रेस में डाक मतपत्र के मास्टर की प्रूफ रीडिंग के पश्चात पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के उपरान्त ही निर्धारित संख्या में डाक मतपत्रों की छपाई हेतु अंतिम आदेश देना एवं पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ छपाई कार्य प्रारम्भ करवाना तथा प्रत्येक डाक मतपत्र पर आयोग के पत्र संख्या–52/2023/SDR/Vol.IV दिनांक 14.03.2024 के प्रस्तर–1.9 में विहित प्रक्रिया के अनुसार डाक मतपत्रों पर मशीन से ही नम्बरिंग करवाना। | RO/ARO | **27.06.2024 पूर्वान्ह 10:00 बजे से प्रिन्टिग कार्य की समाप्ति तक** |
| 3.16– | प्रिन्टिग प्रेस में डाक मतपत्रों की छपाई का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त 50–50 मतपत्रों की क्रमवद्ध रूप से पैकेटिंग / बण्डलिंग हेतु स्टिचिंग / स्टेपलिंग आदि का कार्य करवाना। | RO/ARO | **27.06.2024 अपरान्ह 02:00 बजे से** |
| 3.17– | प्रिन्टिंग प्रेस में डाक मतपत्रों की छपाई का कार्य सन्तोषजनक ढंग से पूर्ण होने के पश्चात, प्रिन्टिंग प्रेस में अतिरिक्त एवं बेकार मतपत्रों को टुकड़ों में काटकर (Shredded) सहायक रिटर्निगं ऑफिसर प्रिन्टिग एवं प्रबंधक प्रिन्टिंग प्रेस की उपस्थिति में लुगदी बनाना एवं दोनो अधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र हस्ताक्षर करना एवं रजिस्टर में बर्बाद हुए कागज की प्रत्येक शीट का लेखा–जोखा रखना एवं रिपोर्ट डीईओ सौंपना, एवं प्रिटिंग प्रेस के कम्प्यूटर से मतपत्रों से संबंधित साफ्ट फाईल को भी उचित एवं स्थाई रूप से Delete करना। | RO/ARO | **27.06.2024 अपरान्ह 02:00 बजे से** |
